7 हजार 953 श्रमिक परिवारों को मिला सम्बल का लाभ

जिले के 120 हितग्राहियों को मिली 2 करोड़ 62 लाख की राशि, जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय एनआईसी में आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 9 सितम्बर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7,953 श्रमिक परिवारों को 175 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया।

उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर सहित नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया।

श्योपुर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ। जहां संबल योजना के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से राशि अंतरित करने के प्रमाण पत्र सौपे गयें। श्योपुर जिलें में 120 हितग्राहियों को 2 करोड 62 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई। जिले की जनपद पंचायत कराहल, विजयपुर मुख्यालय एवं नगर परिषद विजयपुर, बडोदा मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ।

जिले के 120 परिवारों को मिला संबल का लाभ

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत श्योपुर जिले में 120 परिवारो को लाभ प्राप्त हुआ है, योजना के तहत हितग्राही परिवारो के बैंक खातो में 2 करोड 62 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई है। सामान्य मृत्यु के प्रकरणों में 109 हितग्राही परिवारों को 2 करोड 18 लाख तथा दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में 11 हितग्राहियों को 44 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदाय की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त योजना के तहत सामान्य मृत्यु पर दो लाख रूपये तथा दुर्घटना में मृत्यु पर चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि पीडित परिवार को प्रदान की जाती है। इस अवसर पर नगरपालिका श्योपुर तथा जनपद पंचायत श्योपुर के हितग्राहीयों के प्रतीकात्मक रूप से संबल योजना के तहत लाभान्वित किया गया।

पुलिस ने की वाहनों की चैकिंग, 62 वाहनों पर किया 21800 रुपए का जुर्माना

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 9 सितम्बर। यातायात पुलस ने नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकां पर कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान कुल 62 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 21800 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया। बिना हेलमेट:51, बिना लाइसेंस: 01, बिना सीट बेल्ट कार: 09, मोडिफाइड वाहनदृ01 चालानी कार्यवाही की गई।

यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

ट्रैफिक टीआई संजय राजपूत ने बताया कि व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम 22 सितंबर तक 15 दिवसीय विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में वीरेन्द्र जैन पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर के निर्देशन तथा प्रवीण भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा यातायात टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत अलग-अलग चिन्हित स्थानों पर वाहन चैकिंग के दौरान बिना लाइसेंस, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोड वाहन, मोडिफाईड वाहन, पर्याप्त दस्तावेज (परमिट, फिटनेस, बीमा) न होने, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, ट्रिपल राइडिंग की चेकिंग कर कुल 62 चालान बनाया जाकर 21800 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया।

यातायात के नियमों का पालन करें

यातायात पुलिस की शहर के नागरिकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करें,दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से धारण करें। ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाये, ओवरलोड माल परिवहन न करे तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। स्वयं भी सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा अवसर दें।

श्री सत्यसाईं विवि में छह दिवसीय एफडीपी

सीहोर. श्री सत्यसाईं विश्वविद्यालय की स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट इकाई में 6 दिवसीय एक सप्ताह वन वीक अटल प्रोग्राम एफडीपी का आयोजन कुलगुरु डॉक्टर मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ. डॉक्टर एके सिंह पूर्व डायरेक्टर एमपी टूरिज्म मुख्य अतिथि थे. कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉक्टर शाहब अहमद ने बताया कि यह एफडीपी 8 से 13 सितंबर तक चलेगी इसमें देश के नामचीन शिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर एवं शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन करा कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर विवेक शर्मा ने अपने दोनों सेशन में इस विषय के प्रमुख बिंदुओं पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दिव्यांग बालक को पेंशन योजना का लाभ मिलेगा

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 9 सितम्बर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम गगन सिंह मीणा एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदको की समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

जनसुनवाई में 129 लोगों की सुनी समस्या

जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग बालक हेमराज पुत्र लालाराम बंजारा निवासी किशनपुरा पंचायत पराष्ठा को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कराने की कार्यवाही पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराई गई। बालक के पिता द्वारा जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि अब बालक की उम्र 5 वर्ष से अधिक हो गई है, इसलिए पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाये। इस पर तत्काल ही पेंशन पोर्टल पर स्वीकृति के लिए दस्तावेज अपलोड कर प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिससे बालक को अगले माह से 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन राशि प्राप्त होगी। इसके साथ ही दिव्यांग बालक को सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु एलिम्को के माध्यम से चिन्हित करने के निर्देश भी दिये गये। जनसुनवाई के दौरान तीन हितग्राहियों को अवगत कराया गया कि उन्हें शीघ्र ही आवास का लाभ मिलेगा, ग्राम बगडूआ निवासी गिर्राज सुमन एवं उतनवाड निवासी महावीर प्रजापति तथा बुद्धिप्रकाश गुर्जर द्वारा आवास योजना में लाभ दिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये। आवेदनों के परीक्षण उपरांत आवेदक श्री गिर्राज सुमन को अवगत कराया गया कि सर्वे सूची अनुसार 78 सरल क्रमांक तक आवास का लाभ मिल चुका है, सर्वे सूची में 86 पर नाम होने से शीघ्र ही आवास का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार महावीर प्रजापति एवं बुद्धि प्रकाश गुर्जर को जानकारी दी कि आवास प्लस 2.0 की सूची में नाम जुडा हुआ है तथा क्रम आने पर शीघ्र ही आवास योजना में लाभ प्राप्त होगा।

किसानों ने बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 9 सितम्बर। श्योपुर के ग्राम बलावनी, ग्रेड, सिल्वरपुरा और आसपास के क्षेत्रों में किसान कृषि विद्युत आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। विद्युत विभाग केवल तीन ट्रांसफार्मर से राजस्थान सीमा से जुड़े कई गांवों को बिजली दे रहा है। इससे खेतों में सिंचाई प्रभावित हो रही है। पानी न मिलने से फसलें सूखने की कगार पर हैं।

घंटे बिजली नहीं मिली तो 13 से हड़ताल करेंगे किसान

किसानों ने मंगलवार को श्योपुर के प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ग्राम बलावनी और ग्रेड क्षेत्र में सात घंटे कृषि विद्युत आपूर्ति की मांग की है। किसानों का कहना है कि नियमित बिजली के बिना फसलों को बचाना मुश्किल है। किसानों ने तीन दिन में समस्या का समाधान न होने पर 13 सितंबर से शांतिपूर्ण हड़ताल की चेतावनी दी है। उन्होंने सड़क जाम की भी चेतावनी दी है। ग्राम के प्रमुख किसान सचिन और रामलाल समेत कई किसानों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। किसानों ने कहा कि वे अपनी फसल बचाने के लिए संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। इस चेतावनी से ग्रामीण क्षेत्रों में तनाव का माहौल है। अब सभी की नजरें बिजली विभाग और प्रशासन की कार्रवाई पर हैं।

हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो ठप कर देंगे सारे काम

नवभारत न्यूज

सीहोर 9 सितंबर. ऑनलाईन से संबंधित शिक्षा विभाग के सारे काम रूकने वाले हैं. क्योंकि आउटसोर्स डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर जाने वाले हैं.

हाईस्कूल हायरसैकड़ी स्कूलों के आउटसोर्स डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर को बीते माह माह से सैलरी नहीं मिली है. खास बात यह है की बजट जारी होने के बावजूद शिक्षा विभाग डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटरों सैलरी नही दे रहा है. क्योंकि शिक्षा विभाग ने डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर की सैलरी बजट को अन्य स्थानों पर खर्च कर दिया है. आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सतीष हरियाले के नेतृत्व में मंगलवार को बड़ी संख्या में जिले भर में कार्रत डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर बालागुरू को परेशानियों से अवगत कराया और समस्या का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के फैसले को भी बताया.

डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटरों ने बताया कि शिक्षा विभाग के शासकीय उन्नयन शाला हाई स्कूल एवं हायर सैकण्ड्री स्कूल में आउटसोर्स अंतर्गत हमें रखा गया है. माह अप्रैल से अबतक वेतन का भुगतान विभाग ने नहीं किया है. जबकि लोक शिक्षण संचानालय भोपाल का संदर्भित पर कमांक 02 के द्वारा माह मार्च अप्रैल मई एवं माह जून जुलाई अगस्त माह के वेतन भुगतान की राशि जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ट्रेजरी में कर दिया गया है. सैलरी आवंटन राशि मिलने के बाद भी डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटरों को भुगतान नहीं किया गया है.

बीते पांच माह से सैलरी नहीं मिलने के कारण डांटा एन्ट्री ऑपरेटरों की पारिवारिक आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई है. ज्ञापन देने वालों में डाटा एन्ट्री कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश हरियाले, अरविन्द वीर, विनोद पटेल, सुनील साहू ठाकुर, अभिषेक साहू, पवन साहू, बलराम वर्मा, विजय सिंह, लोकेंद्र पवार, हरि नारायण कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाह, विकास लावेरी, सचिन धावरे, ब्रजेश पंवार, शुभम पैठारी, अमित कीर, देवेन्द्र कुमार, बलराम कुशवाहा, अरुण धनबारे, सुरेश, धर्मेंद्र गौर, सुनील ठकुर आदि शामिल थे.

कुपोषित बच्चों को वितरण की पोषण टोकरी

आष्टा. जिला प्रशासन महिला बाल विकास की पहल पर अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें अति गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट वितरित की गई. बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया बच्चों की निगरानी के लिए सुपोषण कार्ड दिए गए. इस मौके पर विधायक गोपाल इंजीनियर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसडीएम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि कोठरी, सुशील संचेती, धारवा आदि उपस्थित थे.

एक नजर में

सांदीपिनी विद्यालय में मनाया विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

बुधनी /शाहगंज . विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर उमंग हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनी विद्यालय शाहगंज मेंजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया . इस अवसर पर उमंग परामर्शदाता शिक्षा नागर ने आत्महत्या रोकथाम में गेटकीपर की भूमिका पर प्रकाश डाला . उन्होंने कहा कि आत्महत्या किसी स्थाई समस्या का अस्थाई समाधान है . यदि समय रहते चिन्हों की पहचान कर, व्यक्ति से संवाद किया जाए और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए, तो इस गंभीर समस्या को रोका जा सकता है . कार्यक्रम में प्राचार्य हरीश वारिया, शिक्षिका श्रीमती रेखा पाटीदार तथा विद्यालय के किशोर-किशोरी भी उपस्थित थे . लोगों को उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425, मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन 14416, तथा मनहित ऐप के माध्यम से ऑनलाइन परामर्श लेने की जानकारी भी दी गई .

हड़ताली कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

सीहोर . सहकारिता कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 24 सितंबर तक हड़ताल पर हैं . जिला सहकारिता बैंक के सामने कर्मचारियों की मांग है कि 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुआ तत्काल चयन होना चाहिए . अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का जो 54 हजार है . जो मात्र 18 जिलों को मिला है . लेकिन अभी भी 34 जिलों में भुगतान नहीं किया गया है जिले के कर्मचारियों को तत्काल मिलना चाहिए .कर्मचारियों ने अपनी मांग रखी कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हम कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे और मुख्यमंत्री आवास या विंध्याचल भवन का घेराव करेंगे .

महिलाओं एवं बालिकाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

सीहोर . महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण एवं जागरुकता के उद्देश्य से संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन अभियान संचालित किया जा रहा है . अभियान के तहत जिलेभर में आंगनबाड़ियों, शैक्षणिक संस्थानों सहित अनेक स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास, व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं कानूनी जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं . वन स्टॉप सेंटर प्रभारी प्रशासक श्रीमती निधी शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत कस्बा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय महिला आईटीआई में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया . इस जागरुकता सत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, दहेज प्रतिरोध अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित शासन की सभी योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई .

अमले को पीछे देख चोर छोड़ भागे सागौन

लाड़कुई . वन विभाग की लगातार कार्रवाई के बाद जंगलों से कीमती पेड़ों की कटाई और रात के अंधेरे में परिवहन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर चोरी छिपे इस काम को अंजाम दे रहे हैं . सोमवार रात वन अमले ने कार्रवाई कर सागौन सिल्ली रखी कार को पकड़ा है . हर बार की तरह इस बार भी तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे .

अफसर चाचा के चेम्बर में भतीजे का राज

नवभारत न्यूज

सीहोर. 9 सितंबर. संइया भये कोतवाल तो डर काहे का.ये कहावत तो सभी ने सुनी होगी. लेकिन सीहोर जिले में यह कहावत चाचा-भतीजे की जोड़ी पर चरितार्थ हो रही है. दरअसल कलेक्ट्रेट बिल्डिंग स्थित जिला पंजीयक कार्यालय में जिला पंजीयक प्रेम नंदन सिंह की जगह उनका भतीजा रवि सोलंकी कार्यालय का संचालन करता हुआ कैमरे में कैद हो गया.

यह पहला मामला नहीं है जब उनका भतीजा केबिन में बैठकर कम्प्यूटर चलाते मिला. जबकि यहां के स्टाफ की मानें तो करीब 15 दिन से भतीजा रवि सोलंकी ही यहां आता है और अधिकारी की तरह स्टाफ पर रौब झाड़ता ह. सारा काम ऑनलाइन है तो जिला पंजीयक से ओटीपी लेकर सभी काम रवि सोलंकी ही करते हैं. मंगलवार को जब उन्हें कुछ मीडियाकर्मियों ने घेर लिया तो बगलें झांकने लगा. रवि ने बताया कि सर मुरैना से ट्रांसफर होकर आए हैं, मैं भी मुरैना से आया हूं, उनकी गाड़ी चलाता हूं.

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जिला पंजीयक के रूप में प्रेम नंदन सिंह की जिले में पदस्थापना हुई थी. ज्वाइनिंग के कुछ दिन तो अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय आए, लेकिन उसके बाद उनके साथ उनका भतीजा कार्यालय आने लगा. बाद में यही भतीजा कार्यालय भी संभालने लगा. यहां तक कि रवि सोलंकी ही अधिकारी के चेंबर में बैठकर सिस्टम से ई पंजीयन कार्यालय की सरकारी आईडी खोल के काम करते देखा जा सकता है. मंगलवार को भी वे जिला पंजीयक के केबिन में बैठकर कम्प्यूटर पर काम करते नजर आए.

आश्चर्य की बात यह है कि पंजीयक कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में इस तरह की गैर जिम्मेदाराना भतीजे को बैठाने के मामले में कलेक्टर ने भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है. यहां तक की ई-पंजीयन कार्यालय के अधिकारी द्वारा अपने भतीजे को अपनी पर्सनल विभागीय आईडी तक उपलब्ध करवाई गई है. इसकी वजह से कभी भी बड़ी धोखाधड़ी हो सकती है.

गौरतलब है कि पंजीयक विभाग शासन को सबसे ज्यादा राजस्व देता है, लेकिन यहां फर्जीवाड़ा भी खूब होता है. यही वजह है कि जिला पंजीयक सहित सभी उप पंजीयक कार्यालयों में अधिकारी अवैध वसूली के लिए निजी स्टाफ रखते हैं, ताकि शिकायत के बाद यदि कोई कार्रवाई हो तो वे उस कार्रवाई के दायरे से बच सकें. फिलहाल चाचा भतीजे का यह कारनामा चर्चाओं में बना हुआ है.

17 से मनेगा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

नवभारत न्यूज

सीहोर 9 सितंबर. जिले में 17 सितम्बर से सेवा पर्व मनाया जाएगा. सेवा पर्व का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को होगा. इस दौरान नागरिक सेवाओं और सुविधाओं की बेहतरी और इन्हें सहज रूप से नागरिकों तक पहुंचाने के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.

सेवा पर्व के आयोजन के संबंध में मुख्यमंत्री व द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए. निर्देशों के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के ने एनआईसी कक्ष में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, डीएफओ अर्चना पटेल, संयुक्त कलेकटर सुश्री वंदना राजपूत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि 17 सितम्बर से जिले में शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान सेवा पर्व से जनता से जुड़े 7 प्रमुख विभागों की महती जिम्मेदारी है. स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े को जन-जन का अभियान बनाने के लिए सभी तैयारियां करें. सम्पूर्ण अभियान के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं जिलों के भ्रमण में रहेंगे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

सीहोर. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले भर से आए 75 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

हितग्राही बच्चों से की कलेक्टर ने भेंट

सीहोर. कलेक्टर बालागुरू के ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों ने भेंट की. इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा की और उन्हें शिक्षा प्राप्त करने, खूब मेहनत करने एवं भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया. कलेक्टर बालागुरू के ने योजना के तहत बच्चों को उपहार भी भेंट किए. इस योजना के तहत जिले में चार बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं. जिनमें से दो बच्चे एमबीए एवं बीबीए जैसे उच्च शिक्षा संस्थान से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. इस योजना से बच्चों को संबल प्राप्त हुआ है, जिससे वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकेंगे. महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि विभाग द्वारा इन बच्चों का निरंतर फॉलोअप लिया जा रहा है. ।

पति नीम के पेड़ से लटका मिला, घर में पड़ा मिला पत्नी का शव

नवभारत न्यूज

सीहोर 9 सितंबर. विकास के खोखले दावों की हकीकत सिद्दीकगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरदड़ के गांव भगतपुरा से सामने आई है. यहां पति के नीम के पेड़ से लटके और पत्नी के घर में मृत पड़े मिले शव को पीएम के लिए अस्पताल लाने वाहन तक नसीब नहीं हो सका. दो किमी का मार्ग कच्चा होने से ग्रामीण पैदल खटिया के सहारे शव को खाचरोद-हाट पिपलिया की पक्की सड़क तक लाए, तब ट्रैक्टर-ट्रॉली से शव आष्टा लाए जा सके.

पुलिस के अनुसार भगतपुरा निवासी 26 वर्षीय सोनू पिता हुंकारसिंह बंजारा और उसकी पत्नी ममताबाई सोमवार रात 9 बजे बाद घर में सो गए थे. उसकी बड़ी बेटी नंदनी व छोटा बेटा आशिक दादा-दादी के पास सोए थे. लोगों ने मंगलवार सुबह सोनू को घर की दीवार के बाजू में पेड़ से लटके देखा तो वह नीचे उतारने पहुंचे, लेकिन घर के अंदर का दृश्य देख उनकी पैरों तले की जमीन खिसक गई. घर में सोनू की पत्नी ममता भी मृत पड़ी थी. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया पर दोनों की मौत का वास्तविक कारण क्या है वह अभी अज्ञात ही बना हुआ है. पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पीएम के लिए आष्टा रवाना कराया, लेकिन यह आसान नहीं था। गांव तक पक्की सड़क नहीं होने और वर्तमान में बारिश का मौसम चलने से वाहन पहुंचना मुश्किल था. ग्रामीण दोनों के शव को खटिया पर रखकर दो किमी पैदल चल खाचरोद-हाट पिपलिया मार्ग लेकर आए और यहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली से आष्टा लेकर पहुंचे. पीएम के बाद शव को वापस गांव लाकर अंतिम संस्कार किया. गांव के अमरसिंह चौहान का कहना है कि कई बार शासन, प्रशासन को रोड बनाने को लेकर अवगत कराया पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है.

मृतक सोनू कंबल बेचने का करता था काम : मृतक सोनू कंबल बेचने के साथ ही पत्नी के साथ ही गांव में खेती-किसानी का काम करता था. जबकि उसका भाई बाहर काम करने गया है. इन दोनों के संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं. हालांकि अभी पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है. पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है. जांच के बाद ही सब कुछ स्पष्ट होगा. इस घटना से करीब 300 की आबादी वाले गांव भगतपुरा की हर गलियों में सन्नाटा पसर गया है. परिजनों की आंखों से आंसू रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं.

जिले में नेशनल लोक अदालत 13 को

सीहोर. 13 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में गत दिवस न्यायाधीश, अधिवक्ताओं, अभियोजन अधिकारीगण, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की बैठक आयोजित कर निर्देश दिए गए. प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने का आह्वान किया और प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की. जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल ने गत दिवस उपभोक्ता आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से चर्चा कर अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के प्रयास करने के लिए कहा.